सार-समाचार

स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

जालोर, (कासं)। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिला कलैक्टर निशांत जैन की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला कलैक्टर निशान्त जैन ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले इसके लिए विशेष प्रयास कर पंजीकरण बढ़ाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन के संबंध में प्रगति जांची। जिला कलैक्टर ने जिले में कोविड टीकाकरण की वर्तमान प्रगति के बारें में जानकारी प्राप्त की साथ ही जिले में मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं प्रभावी उपचार के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जिले में चल रही आयुष्मान भारत योजना के बारें में जानकारी लेते हुए कहा कि अधिकारी आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्रता के लिए की जाने वाली ईकेवाईसी पर विशेष ध्यान देंवे। साथ ही इस योजना में पंजीकरण को बढ़ाते हुए आम जन की भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों, पीएचसी एवं सीएचसी पर होने वाले आईपीडी पंजीकरण की स्थिति के बारें में स्वास्थ्य अधिकारियों से जानकारी ली। बैठक में सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, पीएमओ डॉ. पूनम टांक, बीसीएमओ डॉ. भजनाराम विश्नोई सहित ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

सुरक्षित परिचालन पर चर्चा की

जोधपुर, (कासं) । उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर रेल मंडल पर बुधवार को सभागार कक्ष में मंडल रेल प्रबंधक गीतिका पांडेय की अध्यक्षता में सुरक्षित परिचालन सेफ्टी सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें ट्रेनों के परिचालन को लेकर परिचालन तथा संरक्षा विभाग के सुपरवाइजरो एवं कर्मचारियों के साथ संरक्षा पर चर्चा हुई। इस सेफ्टी सेमिनार में मंडल के विभिन्न खंडों के टीआई, सेफ्टी इंस्पेक्टर, स्टेशन मास्टर, पॉइंट्स मैन इत्यादि कर्मचारियों ने भाग लिया। डीआरएम ने सभी टीआई , पर्यवेक्षकों को कहां की परिचालन व ट्रेन संचालन में सेफ्टी पर किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतनी चाहिए। इस सेफ्टी सेमिनार में जोधपुर मंडल के कुल 25 पर्यवेक्षकों ने 2-2 घंटे के दो सत्रों में अपने अनुभव साझा किए। दोनों सत्रों के बाद सवाल-जवाब का दौर चला। डीआरएम ने अपने संबोधन में ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए जिम्मेदार सभी हितधारकों के बीच निरंतर बातचीत के महत्व पर जोर दिया और कहा कि पर्यवेक्षक प्रबंधन और फ्रंटलाइन अधिकारियों के बीच सुचारू संचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस सेफ्टी सेमिनार में डीआरएम गीतिका पांडेय, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज जैन, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अजीत कुमार, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी शेखर बी मारू, मंडल परिचालन प्रबंधक लोकेश शर्मा, डीटीआई जसवीर सिंह, एम एम पुरोहित और अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

जांगिड़ पंचायत बाड़मेर की सदस्यता शुरू

बाड़मेर, (निसं)। जांगिड पंचायत द्वारा 1976- 77 में बने विधान नियमावली में सर्वसम्मति से संशोधन करते हुए नए विधान को लागू किया गया है। इसके तहत पंचायत की मौजूदा कार्यकारिणी का कार्यकाल मार्च में पूरा होगा। इसलिए संशोधित नियमों के अनुसार नए सिरे से जांगिड पंचायत के सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया है। जांगिड़ पंचायत के मंत्री राजेन्द्र जांगिड ने बताया कि नियम 5 के तहत बाडमेर नगर परिषद क्षेत्र व आस पास में निवास करने वाले जांगिड़ बंधुओं से जांगिड़ पंचायत का सदस्य बनने के लिए आवेदन शुरू किए गए है। सदस्यता के लिए समाज बंधु 30 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। सदस्यता के लिए बंधु अपना आधार कार्ड अथवा जन आधार या वोटर आईडी कार्ड जिसमें उम्र एवं स्थाई पता दर्ज हो एवं एक पासपोर्ट साइज फोटो सहित रॉय कॉलोनी स्थित जांगिड़ पंचायत कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं।

अलगोजा बजाकर कलाकारों मांगी पेंशन

जैसलमेर, (नि.सं.)। जिले के कलाकारों नेपेंशन व बीमा की मांग को लेकर रैली निकाली। इस दौरान कलाकार चनणाराम ने अलगोजा बजाकर रैली को संगीतमय बनाया और राजस्थान कलाकार मंच के संस्थापक अध्यक्ष गजेन्द्रसिंह मण्डली ने कलेक्टर टीना डाबी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में लिखा है कि उत्तरप्रदेश की तरह कलाकारों के लिए भी 4 हजार रू मासिक पेंशन व 1 करोड़ रू. का पूरे परिवार के लिये स्वास्थ्य बीमा शुरू करावे। डाबी ने कहा कि ये तो बहुत अच्छी बात है कलाकारों को मदद मिलनी ही चाहिए मदद मिलने से कलाकारों को संबल मिलेगा। रैली में प्रेमनाथ, राजानाथ महाराज, भलुराम दबड़ी, पूनमाराम सूरदास, रावताराम, चनणाराम, गोरधनराम, चेतनराम, दलपतराम, लूणाराम, अभय सिंह, अर्जून सिंह, मूलाराम, गणपत सिंह, मुल्तानाराम, दुर्गा राम, मांगुराम, नखताराम, हरखाराम, हेमाराम, जेठाराम, ताराराम, छगनाराम, ठाकुरदास, गेमराराम, ओमप्रकाश, डांवराराम, नरेन्द्र गर्ग, प्रेमाराम, सुखदेवपाल, तुलछाराम, कमल, उगमदान, दशरथ, डाकराराम आदि सैकडों कलाकार उपस्थित रहे।

मुस्कान ने जीते गोल्ड व सिल्वर मेडल

बाप, (निसं)। 15 अगस्त 16 जनवरी 2०23 को जोधपुर में आयोजित 33 वी जिला स्तरीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल बाप की कक्षा 9वी की छात्रा मुस्कान विश्नोई ने अलग-अलग कैटेगरी में वजन उठाकर दो गोल्ड मेडल वह दो सिल्वर मेडल जीतकर जिले में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। व्याख्याता शारीरिक शिक्षा लक्ष्मण राम विश्नोई बताया कि इससे पहले मुस्कान विश्नोई ने जिला स्तर पर माह अगस्त एवं सितंबर में अलग-अलग प्रतियोगिताओं में भाग लेकर गोल्ड मेडल व सिल्वर मेडल जीते हैं। उसका राज्य स्तर पर भी चयन हुआ है। मंगलवार को विद्यालय में छात्रा मुस्कान का सम्मान कर प्रधानाचार्य राजीव कुमावत, व्याख्याता सुगन सिंह, दिनेश सारण, पृथ्वीराज, परसराम विश्नोई, श्रवण कुमार, प्रहलाद रेवाड़, राजेंद्र कुमार विश्नोई, नारायण पालीवाल, निशा पालीवाल, मुकेश कुमार, माला राम, सुनील कुमार, विकास कुमार, अमित कुमार, श्याम सुंदर, जगदीश कुमार, विनीत प्रकाश ने खुशी जाहिर की।

जेल प्रहरियों का अनशन जारी

जोधपुर, (कासं)।जेल प्रहरियो का आंदोलन बुधवार को छठे दिन भी जारी रहा। राज्य सरकार की ओर से अब तक किसी प्रकार नहीं दी गई है।अब स्थिति खराब होने लगी है। बुधवार सुबह भी एक प्रहरी मुकेश मीणा की तबीयत खराब होने पर उसे एमजीएच अस्पताल भर्ती करवाया गया। अब तक 14 जेल प्रहरी अस्पताल पहुंच चुके हैं। इनमें से आठ की तबीयत खराब होने पर अब तक अस्पताल में ही भर्ती है। वेतनमान सहित अन्य मांगों को लेकर जेल प्रहरी पिछले 6 दिन से मैस का बहिष्कार कर अन्य त्याग कर सेंट्रल जेल के बाहर धरना दे रहे हैं। पहले दिन जेल प्रहरियो ने गैस की टंकी और बर्तन लेकर सेंट्रल जेल के अंदर प्रदर्शन किया था। इसके बाद वे जेल के बाहर धरना देकर बैठे हैं।जेल में अनशनरत प्रहरी मैस का बहिष्कार कर अन्न त्याग चुके हैं, लेकिन वह साथ में अपनी ड्यूटी भी कर रहे हैं। ड्यूटी ऑवर्स के बाद सभी प्रहरी जेल के बाहर धरना स्थल पर आकर बैठते हैं। अपनी ड्यूटी के साथ अनशन करने के कारण इनकी हालत ज्यादा बिगड़ रही है।

गणतंत्र दिवस की रिहर्सल की

बाप, (निसं)। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर तैयारियां बुधवार से शुरू हो गई। उपखंड स्तरीय समारोह स्थानीय राउमावि के खेल मैदान में होगा। बुधवार को इसी खेल मैदान में स्कूली बच्चों ने पीटी व परेड का अभ्यास किया। पहले दिन सुबह की प्रार्थना के बाद स्कूली बच्चे सीधे मैदान में पहुंच गए। पूर्वाभ्यास में कस्बे में संचालित सभी सरकारी व निजी विद्यालयों के छात्र छात्राएं भाग ले रही है। रिर्हसल में बच्चों ने जमकर पसीना बहाया। शारीरिक शिक्षिका प्रीति गोदारा की देखरेख में सरकारी व निजी विद्यालयों के बच्चों ने परेड व शारीरिक व्यायाम का अभ्यास किया। उपखंड स्तरीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक, पीटी प्रदर्शन, परेड व अन्य गतिविधियां होगी, जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है।

आज जैसलमेर आएंगी मंजू राजपाल

जैसलमेर, (नि.सं.)। शासन सचिव ग्रामीण विकास एवं जिला प्रभारी सचिव आईएएस टॉपर मंजू राजपाल आज गुरुवार को जैसलमेर पहुंचेगी एवं आयोजित की गई जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में भाग लेगी। ज्ञात रहे कि जैसलमेर कलेक्टर टीना डाबी भी आईएएस टॉपर है ।

कर्मचारियों ने रैली निकाली, जयपुर कूच की तैयारी की

जालोर, (कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की ओर से घोषित 23 जनवरी को जयपुर में होने वाली कर्मचारियों की महारैली को लेकर बुधवार को जालोर में महासंघ के कर्मचारियों ने वाहन रैली निकाल कर जयपुर कूच करने का आहवान किया।

महासंघ द्वारा राज्य कर्मचारियों की 15 सूत्री मांगों को लेकर घोषित किए गए प्रदेश व्यापी आव्हान पर चरणबद्ध आंदोलन की कड़ी में बुधवार को जिला मुख्यालय जालोर पर महासंघ जिलाध्यक्ष गोविंदसिंह मंडलावत एवं जिला संघर्ष सयोजक कैलाश खत्री के नेतृत्व में विशाल वाहन रैली निकाली गई। जिला संघर्ष सयोजक कैलाश खत्री ने बताया कि सरकार से महासंघ के कई बार समझौते होने के बाद भी उसे धरातल पर लागू नहीं करने पर कर्मचारियों की 15 सूत्री मांगो को लेकर 23 जनवरी को जयपुर में महा आक्रोश रैली का आयोजन किया जाएगा एवं राज्य सरकार की वादा खिलाफी एवं संवाद हीनता के कारण राज्य कर्मचारियों में भारी आक्रोश है।

राज्य कर्मचारियों की वेतन विसंगतिया दूर करने, 7, 14, 21, 28 एवं 32 वर्ष पर चयनित वेतनमान स्वीकृत करने, संविदा कार्मिकों को नियमित करने, सहित 15 सूत्री मांगों को लेकर कर्मचारी लंबे समय से संघर्षरत हैं। जिसको लेकर 18 जनवरी को जिला मुख्यालय पर पूरे जिले भर से सैकडों कर्मचारियों ने वाहन रैली निकाल कर सरकार के खिलाफ विरोध

जालोर में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने वाहन रैली निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

प्रदर्शन किया।

वाहन रैली हायर सेकेण्डरी स्कूल जालोर से रवाना होकर, आहोर चौराहा, हॉस्पीटल चौराहा, हरिदेव जोशी सर्किल, बाई पास होते हुए जिला कलेक्टर के सामने पहुंची। वहां पर महासंघ द्वारा सभा आयोजित की गई।

जालोर जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह मंडलावत सहित जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों ने सभा को सम्बोधित कर विरोध प्रदर्शन किया तथा 23 जनवरी को जयपुर में होने वाली महा आक्रोश रैली में पहुंचकर राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जायगा। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश नारायण माली ने किया।

इस अवसर पर सांकेर से लादूराम भादू, रानीवाडा से करना राम देवासी, सायला से लुंबाराम चौधरी ,कैलाश गर्ग, सरनाऊ से भागीरथ राम कडवासरा, आहोर से जीवन सिंह चंपावत, भंवर सिंह राठौड़, जालोर से प्रकाश नारायण माली,जसवंतपुरा से रघुनाथ बिश्नोई ,बागोडा से वीरमा राम सारण, ग्राम विकास अधिकारी संघ जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश विश्नोई, अतिरिक्त सहायक विकास अधिकारी संघ के पोकारम सोलंकी, रेसाराम माली, कानुनगो संघ से पुख सिंह भाटी, ज्ञानेश त्रिपाठी, जालोर के पटवार संघ से कृष्णा मांजू, रमेश कुमार प्रजापत, नर्सेज एसोसिएशन से शहजाद खान हंजाराम सुंदेशा ,किशोर कुमार परिहार, सहायक कृषि अधिकारी संघ से ओमाराम सोनल, चतराराम आयुर्वेदिक संघ से जयवीर सिंह जाट ,अशोक सुथार शिक्षक संघ से हरिराम खिलेरी, ललित सुरियाल, शिवदत्त आर्य भोमाराम सिंगल, नेमीचंद खोरवाल, ओम प्रकाश बेनीवाल, रघुनाथ राम, भंवर सिंह ,मेघ सिंह, बालकृष्ण शर्मा, ललित खत्री, मोहन खत्री सहायक कर्मचारी संघ से राधेश्याम तंवर, दामोदर सिंह अनूप सिंह , हरिराम बुरडक आदि उपस्थित थे।

श्री कुम्हार (प्रजापति) समाज द्वारा आयोजित श्रीयादे माता जयंती महोत्सव समिति जोधपुर द्वारा शोभायात्रा 23 जनवरी को होगी। आमंत्रण पत्रिका का विमोचन पूर्व सांसद जसवंत सिंह बिश्नोई ने किया। उनके साथ मुख्य संरक्षक दशरथ कवाड़िया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भंवरलाल ओड़िया, संरक्षक कालूराम कारवाल, लालचंद संखवाया, कोषाध्यक्ष मुन्नाराम मोरवाल, संतोष भोभरिया, हुकमाराम सिंगाटिया, अध्यक्ष लूणाराम घोड़ेला सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

जागरूकता कार्यशाला हुई

जोधपुर, (कासं) । नेहरू युवा केंद्र, जोधपुर द्वारा महिला पी.जी. महाविद्यालय सभागार में आज कैरियर मार्गदर्शन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से किया गया।

जिला युवा अधिकारी राजेश चौधरी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रो. एस. पी. व्यास, अध्यक्ष, महिला पी.जी महाविद्यालय ने युवतियों को हेरिटेज संरक्षण के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजयवर्धन आचार्य ने नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डालते हुए बहुआयामी व्यक्तित्व बनाने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. मनोरमा उपाध्याय ने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि युवतियों को अपनी पसंद के क्षेत्र में आगे बढ़ने का निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कौशलयुक्त युवा ही भविष्य के भारत की नींव है।

ड्रोन से नैनो यूरिया का छिड़काव किया

जालोर, (कासं)। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत जालोर जिले में आहोर तहसील के सेदरिया बालोतान ग्राम में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया कर छिड़काव करवाया जाकर सजीव प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में सवाराम पटेल ने ड्रोन तकनीक को किसानों के हित में बताते हुए राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कृषि विभाग के अतिरिक्त निदेशक वी.आर. सोलंकी ने नैनो यूरिया छिड़काव की उपयोगिता के बारे में बताते हुए कहा कि राज्य में पहली बार ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया का छिड़काव किया जा रहा है।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. आर.बी. सिंह ने कहा कि फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए यूरिया के सर्वाधिक प्रयोग से कृषि भूमि की उर्वरा शक्ति नष्ट होने की शिकायत लंबे समय से आती रही है। इस चिंता को दूर करने के लिए यूरिया नैनो तकनीक आधारित लिक्विड तैयार किया गया है जो कि स्वदेशी आधारित उर्वरक है एवं भारत सरकार द्वारा अनुमोदित है। फसल की क्रांतिक अवस्थाओं पर नैनो यूरिया का पत्तियों पर छिड़काव करने से नाइट्रोजन की पर्याप्त मात्रा में फसलों को पूर्ति होती है। जिससे उत्पादन में वृद्धि के साथ ही यह पर्यावरण के लिए अनुकूल है।

ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया छिड़काव एक साथ विस्तृत भू-भाग में कम समय में किया जा सकता है। जिससे समय की बचत की साथ ही धन की भी बचत होती है।

ईफको मैनेजर निर्भय चौधरी ने जानकारी देते हुए कहा कि नैनो यूरिया का निर्माण गांधीनगर जिले के कलोल में ईफको द्वारा नैनो तरल यूरिया प्लान्ट से निर्माण किया गया है।

यूरिया की एक बोरी का फर्टिलाईजर नैनो यूरिया के रूप में पांच सौ मि.ली. की बोतल में समा जायेगा। इस तरल यूरिया को नैनो तकनीक द्वारा विकसित किया गया है।

नैनो यूरिया के लाइव प्रदर्शन में आहोर उपखण्ड अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, तहसीलदार हितेश त्रिवेदी, सरपंच जगतसिंह, डेयरी रानीवाडा के चैयरमैन जोगसिंह बालोत, कमाण्ड क्षेत्र अध्यक्ष लादुसिंह बालोत, उप सरपंच दलपत सिंह, एफपीओ अध्यक्ष ओटाराम मीणा, कृषि अधिकारी राकेश नोगिया, जगदीश प्रसाद एवं क्षेत्रीय कार्मिक उपस्थित रहे।

देश के निर्माण में युवाओं का अहम योगदान है : पूर्व सांसद पुष्प जैन

जालोर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी की ओर से चल रहे नव मतदाता पंजीकरण अभियान एवं डाटा प्रबंधन एवं उपयोग कार्यशाला का आयोजन पूर्व सांसद पुष्प जैन के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग के नेतृत्व में रामसीन में आयोजित हुआ।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद पुष्प जैन ने कहा कि देश के विकास में युवाओं का अहम योगदान है। आने वाले चुनावों में प्रथम बार मतदान करने वाले युवाओं को अधिक से अधिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करना एवं उनको भारतीय जनता पार्टी की जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाना आवश्यक हैं। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनहित की सैंकड़ो योजनाएं चल रही है। जिसका आम जनता को लाभ मिल रहा है।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नव मतदाता पंजीयन के लिए हमें प्रत्येक बूथ पर हर घर से संपर्क करके 18 वर्ष की आयु वाले युवा एवं युवतियों को मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए प्रेरित करना है। वर्तमान में राजस्थान में कांग्रेस सरकार द्वारा

रामसीन में भाजपा के नव मतदाता पंजीकरण अभियान को लेकर कार्यशाला हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, पेपर लीक होने को रोकने में सरकार विफल रही है। किसानों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। इस विषयों को लेकर नवमतदाताओं से सम्पर्क करना और उनको राष्ट्र निर्माण के कार्य से अवगत कराया जाना आवश्यक है। जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि राजस्थान में गुंडाराज, लूट डकैती, बलात्कार के मामले बढ़ रहे है, लेकिन सरकार कोई ठोस कार्यवाही नही कर रही है। राजस्थान में कांग्रेस सरकार दिनों दिन भ्रष्टचार में डूब रही है एवं आम जनता के रुपयों का दुरुपयोग कर रही है। आम किसान पानी बिजली और सड़क के लिए परेशान है। जिला महामंत्री हरीश राणावत ने कहा कि इंदिरा गांधी शहरी विकास योजना के नाम पर झुठे वादे करके युवाओं को ठगा है। कांग्रेस सरकार ने बेरोजगारी भत्ता देने का झुठा वादा किया जो अभी तक पूरा नहीं हुआ है। नव मतदाता पंजीकरण अभियान के जिला संयोजक डिंपलसिंह चैहान ने नव मतदाता पंजीकरण अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डाटा प्रबंधन एवम उपयोग कार्यशाला के जिला संयोजक बिशनसिंह सोलंकी ने जिले में समस्त विधानसभा एवं मंडल में डाटा प्रबंधन के संयोजक सहसंयोजक द्वारा डाटा प्रबंधन का कार्य किया जाएगा। डाटा प्रबंधन के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस दौरान पूर्व सांसद पुष्प जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग सहित भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेन्द्रसिंह सिसोदिया, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष मिश्रिमल मेघवाल, जिला उपाध्यक्ष भेरूदान चारण, जिला महामंत्री हरिश राणावत, जिला मंत्री पवनी मेघवाल, जिला सोशल मीडिया संयोजक चंद्रकांत सुन्देशा, डिम्पलसिंह चैहान, बिशनसिंह सोलंकी, जामताराम चौधरी, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पहाडसिंह राव बोरली, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष किशनलाल प्रजापत सहित ई जने मौजूद रहे।

सार-समाचार

वार्ड पंच ने भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

पिण्डवाड़ा, (निसं)। समीपवर्ती ग्राम लौटाणा के वार्डपंच ने संभागीय आयुक्त, जिला कलैक्टर व मुख्य कार्यकारी अधिकारी से सीसी रोड़, नाली निर्माण व सफाई कार्यो को लेकर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर जांच करवाकर कार्यवाही की मांग की। वार्ड पंच कसनाराम देवासी ने बताया कि गांव के मदन के घर से लेकर मामाजी मंदिर तक सीसी रोड मय नाली निर्माण कार्य व हरीश सिंह अजय सिंह से लेकर रघुनाथ देवासी के दुकान तक सीसी रोड़ मय नाली निर्माण कार्य किया गया है, लेकिन ग्राम पंचायत नियमों के विरूद्व ठेकेदार से कार्य करवाया गया है। जिसको लेकर तकनीमाना के अनुसार सड़क आठ ईंची होनी थी, लेकिन मौके मात्र 4 से 2 ईंच सड़क बनी है। जबकि मौके पर पुरी लम्बाई भी नहीं की गई है। गांव के पूर्व सरपंच सरूपाराम देवासी के दुकान से लेकर गांव के मुख्य नाले तक नाली निर्माण कार्य हुआ, जिसमें सीसी सडक के फाउण्डेषन (नीचे) 40 एमएम गिट्टी 4 ईंच मोटाई नहीं की तथा नाली के उपर भी 2 ईंची कुर्पींग नहीं कर मात्र प्लास्टर किया गया है। जबकि जेटीए प्रवीण सिंह ने ठेकेदार से मिलीभगत एवं भारी भरकम कमीशन लेकर नियमों के विरूध नाप पुस्तिका में नाप इन्द्राज कर लाखों रूपये का भ्रष्टाचार किया है। वही वार्डपंच देवासी ने बताया कि गांव के मुख्य नाला गंदगी से भरा पड़ा है, सफाई के अभाव दुर्गन्ध फैली हुई तथा गांव में बिमारीयां फैलने की आशंका है। तथा नाला खुला होने के कारण कई बार बच्चें भी नाले में गिर जाते है जो अभी बडा हादसा हो सकता है।

भूंगरा पीड़ितों की चिकित्सा सेवा पर सम्मान

जोधपुर, (का.सं.) । वीर दुर्गादास राठौड़ चिकित्सा सेवा समिति द्वारा गुरुवार 19 जनवरी को प्रातः 11 बजे एमजीएच अस्पताल लेक्चर हॉल में भूंगरा दुःखान्तिका पीड़ितो की एम जी एच में चिकित्सा सेवा करने वाले कार्मिकों का सम्मान किया जायेगा । समिति के सचिव राजेन्द्र सिंह लीलिया ने बताया कि कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ एस एन मेडिकल कॉलेज डॉक्टर दिलीप कच्छवाह , अध्यक्षता अधीक्षक एम जी एच डॉ राजश्री बेहरा व विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त प्राचार्य डॉ योगीराज जोशी होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम मे समिति अध्यक्ष डॉ बी एस जोधा, कोषाध्यक्ष रामचंद्र सिंह जोधा ,कार्यकारिणी सदस्य सुमेर सिंह बामणू , डॉ बलवीर सिंह शेखावत , डॉ वीर सिंह राठौड़ , महिपाल सिंह जोधा , के वी सिंह चांदरख व रणजीत सिंह ज्याणी उपस्थित रहेंगे ।उन्होंने बताया कि समिति चिकित्सा सेवा से जुड़ी हुई संस्था है ।कोरोना काल में भी समिति द्वारा चिकित्सा सेवा के कार्य किए गए थे ।

कलैक्टर को जंबूरी का स्मृति चिन्ह भेंट

जालोर, (नि.सं.)। 18 वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी रोहट पाली में 4 से 10 जनवरी तक आयोजित हुई। जिसमें जालोर जिले से 380 स्काउट गाइड एवं स्काउटर गाइडर सम्मिलित हुए। जिनका जंबूरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। बुधवार को जिला कलैक्टर निशांत जैन को 18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी का स्मृति चिन्ह सीओ स्काउट एम. आर. वर्मा के नेतृत्व में भेंट किया गया। सीओ स्काउट एमआर वर्मा ने जिला कलेक्टर को जिले में आयोजित स्काउट गाइड की गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर स्थानीय संघ चांदराई के सचिव जुहारलाल डांगी, स्थानीय संघ जसवंतपुरा के सचिव सोहनलाल टेलर, राउमावि पावटा के स्काउट मदनसिंह बालोत, राउमावि कुंवारड़ा के स्काउटर बखेडू राम, राउमावि चवरछा स्काउटर प्रकाशचंद्र आदि उपस्थित रहे।

बीसूका की प्रगति की समीक्षा की

जैसलमेर, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर टीना डाबी ने बीसूका की माह दिसम्बर की प्रगति की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बीसूका में ठोडिंग वाले सूत्रों में लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल कर 'ए' श्रेणी अर्जित करावे। उन्होंने समीक्षा के दौरान जिन विभागों की ठोडिंग 'बी'' व 'सी' थी, उन विभागों के अधिकारियों को हिदायत दी कि वे मार्च से पहले सूत्रों में 'ए' श्रेणी अर्जित करावें एवं इसके लिए विशेष प्रयास करे। डाबी ने बुधवार को जिला कलक्ट्री सभाकक्ष में आयोजित बीसूका की प्रगति समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी दाताराम के साथ ही सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

महाराणा प्रताप जन्मस्थली पर कार्यक्रम 19 को

पाली, (नि.सं.)। हिंदुआ सूरज वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की पुण्य तिथी 19 जनवरी गुरुवार को जूनी कचहरी स्थित जन्मस्थली परिसर में महाराणा प्रताप जन्मस्थली एवं नगर परिषद के संयुक्त तत्वावधान में पुष्पांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समिति सचिव चम्पालाल सिसोदिया एवं रितेश छाजेड़ ने बताया कि गुरुवार को प्रातः 11 बजे जूनी कचहरी में स्थापित चेतक अश्वारूढ़ प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम व पुष्प वर्षा की जाएगी । इस अवसर पर विधायक सहित समस्त जनप्रतिनिधिगण, समिति सदस्य,धानमंडी व्यापार संघ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजन की व्यवस्था में समिति अध्यक्ष शैतानसिंह सोनिगरा, संयोजक उगमराज सांड, सचिव चम्पालाल सिसोदिया,उपाध्यक्ष अनोपसिंह चौहान,सह सचिव रितेश छाजेड़, कोषाध्यक्ष प्रकाश शर्मा, युवा प्रतिनिधि कुलदीपसिह सोनिगरा, तरुणसिंह चौहान,प्रवीण शर्मा, मुकेश भंसाली, गुलाबसिंह गिरवर,प्रदीप कच्छवाह,एडवोकेट दीपाराम परमार, रविमोहन भूतड़ा, गौतमचंद यति, महेश बागड़ी, रमेश शर्मा, छगनलाल मेवाड़ा,सहित सभी सदस्य व नगर परिषद के अधिकारी व कर्मचारी जुटे हुए हैं।

फसल हुई चौपट,मुआवजे की मांग

पाली, (नि.सं.)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन के जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल ने राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को जिला कलेक्टर के मार्फत ज्ञापन देकर पिछले सात दिनों में पूरे राजस्थान के साथ पाली जिले में भयंकर सर्दी के कारण किसानों के खेतों में पाला पड़ने से पूरी फसल जलकर नष्ट हो गई, जिसके राजस्व विभाग द्वारा सर्वे करवाकर किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की। जागरवाल ने ज्ञापन में बताया कि पूरे पाली जिले के जैतारण, रायपुर, मारवाड़, सोजत, रानी, बाली, सुमेरपुर, देसुरी, पाली और रोहट पंचायत समिति क्षैत्र में पिछले 7 दिनों से पड़ रही सर्दी के कारण चना, रायला, गेहूं, इरण्डी, इसबगोल और सब्जियों में भयंकर पाला पड़ने से किसानों की फसलें पूरी बर्बाद हो चुकी है। सबसे ज्यादा रोहट क्षैत्र में सेंवज की फसल बर्बाद हुई है।

विप्र फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत

स्वरूपगंज, (निसं)। राजस्थान सरकार के राज्य मंत्री विप्र फाउंडेशन के राजस्थान अध्यक्ष एवं पूर्व पीसीसी महेश शर्मा का स्वरूपगंज में कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व पीसीसी सचिव इंदर सिंह देवडा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर एवं खाद की उपलब्धता मांग की गई। पीसीसी सचिव से निंबाराम गरासिया ने स्थानीय बाशिंदों की मूल समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर निर्वातमान सचिव राजपाल सिंह देवड़ा, असलम खान, महबूब नागोरी, नवाराम माली, मनीष प्रजापत, समीर खान पठान, विना राम गमेती, कन्हैयालाल मेघवाल, कन्हैयालाल लखारा, कुंवर सिंह राजपुरोहित अन्य सहित सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चोरी के दो गिरफ्तार

बाप, (निसं)। बाप पुलिस ने सोलर प्लेट चोरी मामले में दो आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। पुलिस गुरूवार को दोनो आरोपियों को न्यायालय में पेश करेगी। एसआई देवाराम ने बताया कि भडला में स्थित अजूर पावर प्लांट से करीब एक माह पूर्व सोलर प्लेटो की चोरी हो गई थी। उक्त मामले में फलोदी जेल से निम्बूराम पुत्र जोधाराम निवासी अवाय व अमरदीन पुत्र लालदीन निवासी सत्याया दोनो जिला जैसलमेर को प्रॉडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। इसी मामले में पूर्व में पांच आरोपी गिरफ्तार हो चुके है।

राठौड़ अध्यक्ष, पालीवाल संयोजक बने

बाप, (निसं)। विश्व हिंदू परिषद प्रखंड बाप के बाप खण्ड में डोलियों की ढाणी में बुधवार को विहिप की बैठक जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र सोलंकी की उपस्थिति में आयोजित हुई। बाप प्रखण्ड मंत्री नारायण सिंह सिडा ने बताया कि डोलिया वार्ड समिति में सुमेर सिंह राठौड़ को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष गिरधर सिंह भाटी, अनिल पालीवाल मंत्री, अमृत लाल पालीवाल को बजरंग दल डोलिया वार्ड संयोजक, सुमेरसिंह को सह संयोजक मनोनीत किया। सोलंकी ने कहा कि विहिप धार्मिक संगठन है। इस दौरान सुमेरसिंह, अमृतलाल पालीवाल, माणकलाल पालीवाल, चन्द्रसिंह, सुमेर सिंह भाटी, जेठू सिंह, रूपसिंह आदि मौजूद रहे।